हर वार्ड में शासकीय भूमि को चिन्हित कर बगीचे, नर्सरी का निर्माण करें : निगमायुक्त

- उद्यान विकास की फोटो सहित पीपीटी बनाएं
- आयुक्त ने ली उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में हरियाली और पर्यावरण को लेकर आयुक्त ने निगम उद्यान विभाग को सरकारी जमीन चिन्हित कर उस पर नर्सरी और उद्यान विकसित करने के निर्देश दिए. साथ आयुक्त ने सभी अधिकारियों को काम में लापरवाही बरतने पर सफाई विभाग में भेजने की हिदायत भी दी. बैठक में सुपरवाइजर के अनुपस्थित रहने पर वेतन कटने के निर्देश भी जारी किए.

निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सिटी बस ऑफिस में उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक ली. बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता में उद्यान विभाग की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. आयुक्त द्वारा समस्त उद्यान सुपरवाईजर और दरोगा से शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहे के साथ ही उद्यान विकास में लगन से काम करने कहा है. उन्होंने कहा कि झोन/वार्ड में उद्यान में किया गया काम दिखना चाहिए. अगर उद्यान काम में रूचि नहीं है तो सफाई कार्य में स्थानांतरण किया जाएगा. समीक्षा के दौरान उद्यान सुपरवाईजर पवन राठौर के अनुपस्थित रहने पर 7 दिन का वेतन काटने के निर्देश

दिए. आयुक्त यादव ने अधिकारियों को बताया कि हर सप्ताह उद्यान विभाग की रिव्यू बैठक होगी. आप सभी क्षेत्रीय झोनल अधिकारी के साथ समन्वय से काम करें. सभी झोन सुपरवाईजर व उद्यान दरोगा अपने झोन/वार्ड में स्थित डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, उद्यान के फोटो की पीपीटी तैयार करें. आयुक्त ने सभी उद्यान अधिकारियों को निर्देश दिए है कि किसी भी झोन-वार्ड में ग्रीन बेलट, डिवाईडर व उद्यान में अवैध निर्माण करता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई करें. कार्रवाई नहीं करने पर आप इसके जिम्मेदार होंगे. बैठक में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, मनोज पाठक, उद्यान अधिकारी शांतिलाल यादव, समस्त उद्यान सुपरवाईजर, उद्यान दरोगा उपस्थित थे.

शासकीय भूमि पर पौधारोपण को दें प्राथमिकता

आयुक्त यादव ने यह भी निर्देश दिए कि झोन क्षेत्र में शासकीय खुली भूमि चिन्हित करें. उक्त भूमि पर पौधारोपण करने को प्राथमिकता दें. साथ ही ऐसी रिक्त भूमि की फेंसिंग कर उस पर नर्सरी विकसित करें. उन्होंने कहा कि निगम की नर्सरियों में मौसम परिवर्तन के अनुकूल पौधे तैयार करें. आयुक्त ने हिदायत दी कि डिवाइडर में अनावश्यक ज्यादा मिटटी ना डालें, ताकि डिवाइडर से मिट्टी बाहर नहीं आए. मिट्टी बाहर आने से धूल की समस्या बनती है. निगम की नर्सरियों में पेंटास, चम्पा और हाइब्रीड एवं कम पानी में विकसित होने वाले पौधों को तैयार करें. वर्तमान में शहर में डिवाईडर व मिडियन में घास के स्थान पर अन्य कोई विकल्प पर भी उद्यान विभाग को कार्य करने के निर्देश दिए गए.

एक नजर में

शेयर बाज़ार में निवेश अवसर दे रहा स्बेरबैंक

इंदौर. रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड फर्स्ट-इंडिया लॉन्च किया है. यह फंड भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी50 पर आधारित है. इस फंड के जरिए रूस के रिटेल निवेशकों को भारत के शेयर बाज़ार में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का मौका मिलेगा. अशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई, ने कहा हमें खुशी है कि हम स्बेरबैंक को निफ्टी50 से जुड़े इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन्स लॉन्च करने में सहयोग दे रहे हैं, जो पूँजी के प्रवाह को मजबूत करेंगे और रूस के निवेशकों के लिए भारत की इक्विटी ग्रोथ को एक भरोसेमंद बेंचमार्क के जरिए खोलेंगे. हरमन ग्रेफ, सीईओ और चेयरमैन- एग्जीक्यूटिव बोर्ड, स्बेरबैंक, ने कहा इस बार दक्षिण एशिया की ओर बढ़ते हुए, हम रूस के ग्राहकों के लिए निवेश के नए अवसर पेश कर रहे हैं.

नथिंग फ़ोन 3ए लाइट अब ब्लू कलर में उपलब्ध

इंदौर. लंदन-बेस्ड टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने स्मार्टफ़ोन फ़ोन (3ए) लाइट की सेल 5 दिसंबर से शुरू होने की घोषणा की है. इंडिया लॉन्च के दौरान कंपनी ने क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ एक नया ब्लू कलर ऑप्शन भी पेश किया है. इस डिवाइस में नथिंग का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिज़ाइन, 6.77 इंच का एमोलेड डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा जो ट्रूलेंस इंजन 4.0 से लैस है, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000 एमएएच बैटरी दी गई है. इस स्मार्टफ़ोन की कीमत 20,999 रुपए रखी गई है, जो बैंक डिस्काउंट के बाद 19,999 (8जीबी + 128जीबी वैरिएंट) में खरीदा जा सकेगा। फ़ोन (3ए) लाइट अब भारत में फ़्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और अन्य प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है.

शाओमी इंडिया ने रेडमी15सी 5जी लॉन्च किया

इंदौर. आज शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया। यह स्लीक डिज़ाईन का विशाल स्मार्टफोन है, जिसमें 17.53 सेमी का आकर्षक डिस्प्ले दिया गया है. यह उन लोगों को पूरे दिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो काम के बीच-बीच में मनोरंजन करना पसंद करते हैं. रेडमी 15सी 5जी के बारे में शाओमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अनुज शर्मा ने बताया हम ऐसा स्मार्टफोन बनाना चाहते थे, जो यूज़र्स बहुत सुगमता से इस्तेमाल कर सकें. इसलिए रेडमी 15सी 5जी में हमने बड़ा और आकर्षक डिस्प्ले, पूरा दिन चलने वाली भरोसेमंद बैटरी और रिफाईंड रॉयल डिज़ाईन दिया है. यह प्रदर्शित करता है कि लोग किस प्रकार अपने स्मार्टफोन का उपयोग मनोरंजन, सीखने और काम करने के लिए करते हैं, भविष्य में हम रेडमी के अनुभव को भरोसेमंद बनाए रखेंगे.

नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज

इंदौर. नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज़ हुआ है. यह 30 वर्ष के गौरव गहलोत की कहानी है, जिनके लिए एडल्टिंग का मतलब है, अपने मम्मी पापा पर निर्भर रहना. यह कहानी तब तक ऐसे ही चलती रहती है, जब तक वो अपने भारतीय परिवार को यह कहकर चौंका नहीं देते हैं कि वो एक बच्चा गोद ले रहे हैं. इसके बाद शुरू होती है एक उथल-पुथल, एक सवाल कि क्या गौरव पापा बनने की चुनौती का सामना कर पाएगा? क्या वह अपने मजेदार और अजीबोगरीब खानदान के क्लेश और प्यार से निपट पाएगा? गौरव गहलोत का किरदार निभा रहे, कुणाल खेमू ने कहा गौरव का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे बेहतरीन तजुर्बों में से एक है. मेरा मानना है कि इस शो में दर्शकों को अपना परिवार और अपनी खुद की छवि दिखाई देगी. सिंगल पापा 12 दिसंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी.

मारुति ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों से समझौता किया

इंदौर. मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (मारुति सुज़ुकी) ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है. मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे. मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं. हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मज़बूत नेटवर्क स्थापित किया है.

इंदौर रियल एस्टेट बाजार के रूप में उभर रहा

इंदौर. इंदौर तेजी से भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से एक के रूप में उभर रहा है. अपनी स्ट्रेटेजिक लोकेशन के फ़ायदों, वर्ल्ड-क्लास एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथ इंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है. यह निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट बियॉन्ड द मेट्रोज़- इनसाइट्स इनटू इंडियाज़ इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्स में सामने आया है. जेएलएल की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर ईस्ट एंड एमर्जिंग मार्केट्स इंडिया, सुरेखा बिहानी ने कहा, इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है. 2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38% बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है.

एचपी लेजर एम300 प्रोडक्टिविटी बढ़ा रहे

इंदौर. भारत में छोटे उद्यमों और जॉबर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके रोजाना के कामों में प्रिंटिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है. बड़े मेट्रो शहरों से लेकर भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों तक अपने कामों को सुगमता से करने के लिए छोटे उद्यम एवं स्थानीय प्रिंट की दुकानें तेज एवं आसानी से प्रयोग किए जा सकने वाले प्रिंटर्स पर निर्भर हैं. एचपी की लेजर एम300 सीरीज को विशेष रूप से इन जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है, जिसमें तेज प्रिंट स्पीड, ऑटो डुप्लेक्स फीचर्स, मोबाइल प्रिंटिंग एवं कम रनिंग कॉस्ट की खूबियां एक साथ मिलती हैं. चपी लेजर एम300 सीरीज से 30 पेज प्रति मिनट (ए4) तक की स्पीड मिलती है, 15 आईपीएम तक का डुप्लेक्स प्रिंटिंग सपोर्ट मिलता है और करीब 8.5 सेकेंड फर्स्ट-पेज-आउट टाइम है। सभी मॉडल्स में ऑटो डुप्लेक्स प्रिंटिंग से समय बचता है और कागज की बचत होती है.

अमेजन ने हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर किया लॉन्च

इंदौर. अमेजन.इन ने 2025 हॉलीडे टॉय लिस्ट की घोषणा कर दी है, जिसे त्योहारों के दौरान खिलौने खरीदने के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में पेश किया गया है. इस बड़ी रेंज में 10 लाख से अधिक खिलौनों के कलेक्शन से चुनी गई 10,000 से ज़्यादा खास डील्स शामिल हैं. इसमें स्किलमैटिक्स, लेगो, बार्बी, हॉट व्हील्स, नर्फ़, फनस्कूल और मैटल गेम्स जैसे बड़े ब्रांडों के उत्पाद मौजूद हैं. हॉलीडे टॉय लिस्ट में बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, एजुकेशनल टॉयज, रिमोट-कंट्रोल व्हीकल्स, डॉल्स, पजल्स और कई अन्य विकल्प शामिल हैं, जो टोडलर्स, जूनियर्स, टीन्स और बड़ों, सभी के लिए उपयुक्त हैं. प्राइम मेंबर्स को छुट्टियों के व्यस्त सीजन में भी सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी मुफ्त मिलती है, साथ ही नई लॉन्चिंग और लिमिटेड-एडिशन कलेक्टिबल्स पर विशेष शुरुआती एक्सेस भी मिलता है.

दुर्घटना के बाद ही क्यों जागता है प्रशासन ..?

नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना में कल आगजनी के बाद प्रशासन ने आज कार्रवाई की. किसी भी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन क्यों जागता है? इसके पहले भी कई ऐसी घटनाएं प्रदेश और शहर में घटित हो चुकी है. इसका सबसे बड़ा उदाहरण है हरदा पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, जिसके बाद पर प्रदेश में आगजनी को लेकर सावधानी की बात की जाने लगी. बड़ी-बड़ी मुहिम और तमाम सारे बिल्डिंगों और सड़कों से लेकर आज लगने वाली वस्तुओं के गोडाउन की जांच शुरू की गई. प्रशासन पड़ताल में लग गया.

सवाल यह है कि प्रशासन स्वयं कह रहा है कि इवेंट में काम आने वाले पायरो के लिए बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है. बरामद विस्फोटक का अवैध भंडारण किया गया था. आखिर इसकी निगरानी और जांच करने की जिम्मेदारी किसकी है? पुलिस की क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच, सीआईडी, इंटेलिजेंस ब्यूरो किस काम के लिए है? नाम से ही खजराना संवेदनशील क्षेत्र है. उस पर खजराना गणेश में रोज हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की अनदेखी नहीं है क्या यह? कलेक्टर शिवम वर्मा खुद कह रहे हैं कि यदि विस्फोटक तक आग पहुंच जाती तो कई किलोमीटर तक इसका प्रभाव देखने को मिलता. इससे समझा जा सकता है कि अप्रत्यक्ष तौर पर हरदा वाली घटना का अंदेशा जताया है. आखिर प्रशासन नींद से किसी दुर्घटना के बाद क्यों जगता है कि कारवाई की जाएगी। ट्रक द्वारा कुचलने के के बाद नो इंट्री पर रोक लगी. दुर्घटना के बाद बसों की जांच होने लगी. जवाहर मार्ग पर बिल्डिंग गिरने पर खतरनाक मकान तोड़ने की मुहिम चलाई जाती है. फूटी कोठी क्षेत्र में आग लगने पर टनों से अवैध एसिड का भंडारण की जब्ती की गई.

शिकायत पर नहीं देते ध्यान

ऐसा नहीं है कि इस अवैध भंडारण और गतिविधियों को लेकर क्षेत्रीय रहवासी और लोग शिकायत नहीं करते हैं. उनकी शिकायत पर ध्यान क्षेत्रीय पुलिस थाने, नगर निगम और प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है, बल्कि मिलीभगत और सांठगांठ के चलते ऐसी शिकायत को अनदेखी और अनसुना कर दिया जाता है. इसका जिम्मेदार कौन?

सिस्टम का सवालों के घेरे में आना स्वाभाविक

रहवासी इलाकों में इस तरह की अवैध गतिविधियां बिना पुलिस, नगर निगम, प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों की सेटिंग के संचालित होना संभव नहीं है. सारे गोपनीय सिस्टम और एजेंसियां सवालों के घेरे में आना स्वाभाविक है. इसके पीछे सीधे या परदे के पीछे किसी न किसी रसूखदार और नेता की भी भूमिका रहती है. खैर, आज खजराना गणेश मंदिर क्षेत्र बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लेने से बच गया और बड़ी घटना का दाग शहर को लगने से रह गया.

प्रशासन ने खजराना में आगजनी के बाद 20 दुकानें हटाई

इंदौर. जिला प्रशासन और नगर निगम ने आज खजराना क्षेत्र में 20 दुकानें हटाने की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई कल की आगजनी के बाद की गई. बताया जा रहा है कि उक्त जमीन सलीम पटेल नमक व्यक्ति की निजी भूमि है.

ग्राम खजराना में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 995/1 एवं 995/2 रकबा क्रमशः 0.180 0.180 हेक्टेयर भूमि स्वामी सलीम पटेल पिता अनार व अन्य है. उक्त जमीन पर निर्मित अवैध दुकानों में संचालित वेल्डिंग, फेब्रिकेशन एवं मैट्रेस की दुकानों में वेल्डिंग से आगजनी की घटना हुई थी. इस कारण 6 से 8 दुकानों में आग लग गई और फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया. आज नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कारवाई में जमीन मालिक सलीम पटेल की निजी भूमि से अवैध रूप से निर्मित दुकानों को हटाया गया. साथ ही जमीन मालिक और अन्य के खिलाफ प्रकरण बनाया गया है. उक्त मामले में कलेक्टर द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे. जांच जूनी इंदौर एसडीएम एवं नगर निगम व पुलिस की मौजूदगी में की गई. जांच के दौरान देवांश व्यास की दुकान में पटाखे पायरो एवं ज्वलनशील तरल पदार्थ के दो ड्रम का भंडारण पाया गया. मौके से नगर निगम की रिमूवल टीम के द्वारा अवैध निर्माण को हटाया गया.

एफआईआर के निर्देश

कलेक्टर कर निर्देश पर एसडीएम जूनी इंदौर प्रदीप सोनी ने जमीन मालिक सलीम पटेल और देवांश व्यास सहित अन्य दुकानदारों पर एफआईआर करने के आदेश दिए हैं.

आध्यात्मिक और आत्मिक उन्नति को अपनाने का मार्ग बताया

- भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आचार्य शांतनु के व्याख्यान का आयोजन

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा शांतनु महाराज के व्याख्यान का आयोजन करवाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.

आचार्य शांतनु महाराज का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव द्वारा किया गया. आचार्य शांतनु का परिचय स्वदेशी जागरण मंच प्रचारक विशाल पुरोहित द्वारा दिया गया. भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ. सुधीर छारी द्वारा महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी वी. पी. बैरागी का स्वागत किया गया एवं मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत डॉ. नीरज चौहान द्वारा किया गया. मुख्य वक्ता आचार्य शांतनु ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन धरोहर को समझाते हुए आध्यात्मिक और आत्मिक उन्नति को अपनाने का मार्ग बताया गया.

अपने विचारों से उन्होंने न केवल ज्ञान प्रदान किया बल्कि जीवन को सार्थक ढंग से जीने की दिशा भी दिखाई. अपने व्याख्यान में उन्होंने नारी के उत्थान और उसके सम्मान में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः की बात कहते हुए हमारी भारतीय संस्कृति में जिस घर में स्त्री की पूजा की जाती है वहां पर देवता निवास करते हैं की बात कही. उसके साथ ही उन्होंने अपने प्रवचन में श्रीमद भागवत एवं गीता के भी कई उदाहरण दिए. महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी. भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ. सुधीर छारी ने आभार व्यक्त माना. संचालन प्रो सादिक खान द्वारा किया गया. स्वदेशी सामान अपनाने की शपथ स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े अक्षांशु तिवारी द्वारा दिलाई गई।

मल्ल सम्राट कुश्ती दंगल में इंदौर के पहलवानों का दबदबा

इंदौर. श्री बृजलाल उस्ताद व्यायाम शाला के तत्वाधान में आयोजित मल्ल सम्राट कुश्ती दंगल में इंदौर के पहलवानों ने अपना दबदबा दिखाया. कुम्हारखड़ी स्थिति श्री बृजलाल गुरु कुश्ती स्टेडियम में आयोजित दंगल में हजारों की संख्या में दर्शकों ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया.

दंगल के मुख्य मुकाबले में सोनीपत के अमित पहलवान ने हिमाचल के सौरभ को, इंदौर के रेहान खान ने हरीयाणा के वकार को, लोकपाल ने दिल्ली के भारत को, अनुराग सोलंकी पंजाब ने ग्वालियर के शेलू को और गौरव वर्मा ने आष्टा के पहलवान को चित करके मल्ल सम्राट का खिताब अपने नाम किया. इस अवसर पर वीरेंद्र गुप्ता, अशोक चौहान, चांदू नेता, धीरज ठाकुर, मोहन बामनिया, अर्जुन ठाकुर, राजेंद्र शुक्ला, सनातनी विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, बंटी खलीफा, सुमेर सोलंकी और अज्जू नामदेव जी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. दंगल के अंत में विजेता पहलवानों को गुर्ज एवं मल्ल सम्राट के खिताब के साथ उपविजेता पहलवान को शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. आयोजन समिति की ओर से अरबाज पहलवान, शाकिब पहलवान और गुल्ली पहलवान ने आभार व्यक्त किया.

बॉक्सिंग में विनय को स्वर्ण पदक

इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र विनय कुशवाह ने 55 कि.ग्रा. भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता तथा इंटर यूनीवर्सिटी (ऑल इंडिया) प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय बॉक्सिंग (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन तक्षशिला परिसर, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 70 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रबंधक वर्ग के चेयरमैन अरविंद गुप्ता एवं सचिव महेश चिमनानी ने खिलाड़ी को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी, प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी. एस. राणा ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र की प्रशंसा की.

एक नजर में | श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर माँ को 56 भोग समर्पित किए

मां अन्नपूर्णा के प्राकट्य उत्सव पर किया अभिषेक, बरकती सिक्कों का वितरण

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर गुरुवार को सुबह माँ अन्नपूर्णा का प्राकट्य महोत्सव आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के साथ सौल्लास संपन्न हुआ.

मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर के न्यासी मंडल की ओर से समाजसेवी विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया मोयरा, श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा एवं सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर माँ को 56 भोग समर्पित किए. मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन माँ पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरुप के अवतरण को प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है. इसी दिन माँ पार्वती ने अन्नपूर्णा का रूप धारण किया था. माँ अन्नपूर्णा की आराधना करने से उनकी कृपा से घर में अन्न की कमी नहीं होती. अन्नपूर्णा आश्रम भक्त मंडल की ओर से गुरुवार को सुबह अभिषेक पूजन के पश्चात भक्तों को अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण भी किया गया.